
Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


द्वितीय ब्रह्मचारिणी

दूसरे नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।
बीज मंत्र-ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# रंजिशन दो भाइयों को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला हाइडिल कॉलोनी निवासी धीरज ने बताया कि 23 मार्च को वह अपने भाई नीरज के साथ चिनौर से रंग व नमकीन लेकर घर जा रहे थे। रास्ते में गांव के रामवीर आदि ने दोनों भाइयों को रोक लिया।

आरोपी उन्हें गाली देने लगे। राहगीरों ने बीच बचाव करा दिया। दोनों ई-रिक्शा से घर आ रहे थे। आरोपी बाइक से आए और ई-रिक्शा को रोक लिया। आरोप है कि दोनों भाइयों को पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि रामवीर समेत पांच लोगों को खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## शाहजहांपुर में 28 साल से लगातार दूसरी बार संसद नहीं पहुंच पाया कोई

# प्रत्याशियों के लिए बड़ी चुनौती बनी लगातार दूसरी जीत

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

- **हर बार सांसद के रूप में दिखाई देता है नया चेहरा**
- **टिकट वितरण के बाद मतदाता ही बनता है भाग्य विधाता**

**अमृत विचारः** 28 साल से शाहजहांपुर में प्रत्याशियों के लिए लगातार दूसरी बार जीतना चुनौती बनी हुई है। बीते लगभग तीन दशक में कोई भी प्रत्याशी लगातार दो बार जीत कर संसद नहीं पहुंच पाया है। हर बार सांसद की कुर्सी पर एक नया चेहरा देखा जा रहा है। पूरी ताकत लगाने के बाद भी सांसद स्वयं को जीत नहीं दिला पाते हैं और उन्हें हार का मुंह देखना पड़ता है। हर बार शाहजहांपुर का सांसद बदल जाता है।

साल 1996 में राममूर्ति सिंह वर्मा कांग्रेस के टिकट पर चुनकर संसद पहुंचे थे। वजह चाहे जो भी रही हो, लेकिन साल 1999 में हुए चुनाव में कांग्रेस के ही जितेंद्र प्रसाद विजयी हुए। राममूर्ति सिंह वर्मा सांसद नहीं बन सके। 2001 में जितेंद्र प्रसाद के निधन के बाद शाहजहांपुर लोकसभा सीट पर उपचुनाव हुआ। 2002 में कांग्रेस ने कांताप्रसाद को प्रत्याशी बनाया। सपा ने राममूर्ति सिंह वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा। इस चुनाव में राममूर्ति सिंह वर्मा जीत गए थे। ऐसे में देखें तो पता चलता है कि राममूर्ति सिंह दोबारा सांसद तो बन गए इसी सीट पर, लेकिन लगातार दो बार नहीं बन सके। इसी तरह 2004 में पूर्व सांसद जितेंद्र प्रसाद के बेटे जितिन प्रसाद ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और वह सांसद बने। इसके बाद 2009 में सपा ने मिथिलेश कुमार को प्रत्याशी घोषित किया। मिथलेश कुमार चुनाव जीते।

2014 के चुनाव में मोदी लहर में पूर्व मंत्री कृष्णा राज के सिर शाहजहांपुर का ताज सजा, लेकिन अगले चुनाव में कृष्णाराज का टिकट काट दिया गया। इस बार वर्तमान सांसद अरुण कुमार सागर को भाजपा ने टिकट दिया। 2019 में अरुण कुमार सांसद की कुर्सी पर काबिज हुए। अब 2024 के लिए भाजपा ने स्थानीय अरुण कुमार को ही दोबारा से अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि गठबंधन की ओर से बरेली के फरीदपुर निवासी राजेश कश्यप प्रत्याशी हैं। इसी तरह बसपा ने भी शहर के मोहल्ला लोधीपुर निवासी दोदराम वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है।

### किस साल कौन जीतकर पहुंचा संसद

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1996-98 | राममूर्ति सिंह वर्मा | कांग्रेस | 150249 |
| 1998-99 | सत्यपाल सिंह यादव | भाजपा | 208272 |
| 1999-2001 | जितेंद्र प्रसाद | कांग्रेस | 207167 |
| 2001-2004 | राममूर्ति सिंह वर्मा | सपा | 151890 |
| 2004-2009 | जितिन प्रसाद | कांग्रेस | 220763 |
| 2009-2014 | मिथिलेश कुमार | सपा | 257033 |
| 2014-2019 | कृष्णाराज | भाजपा | 525132 |
| 2019-2024 | अरुण कुमार सागर | भाजपा | 688990 |



### कद्दावर महिला नेत्री को लेकर हो रही चर्चा...

जिले में भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा ने अपने-अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। भाजपा ने सिटिंग विधायक अरुण कुमार सागर को दोबारा से अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा-कांग्रेस गठबंधन ने राजेश कश्यप को प्रत्याशी घोषित किया है। जबकि बसपा ने दोदराम वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। सभी पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इसके बाद भी मुख्य मुकाबले में कौन होगा इसकी जगह पर टिकट की रेस से बाहर हुईं एक कद्दावर महिला नेत्री को लेकर ज्यादा चर्चा हो रही है। हालांकि स्थिति पूरी तरह नामांकन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। अभी तो सिर्फ चर्चाओं का बाजार गर्म है। कहा जा रहा है कि भाजपा के टिकट की दावेदार रहीं यह महिला नेत्री भी मैदान में आ सकती हैं।

# गेहूं खरीद को लेकर आढ़ती और किसानों का रोजा मंडी में प्रदर्शन

## आढ़तियों ने अधिकारियों पर लगाया किसान से जबरन गेहूं खरीदने का आरोप, डीएम से मुलाकात न होने पर हड़ताल पर गए आढ़ती

संवाददाता, रोजा/ शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सरकारी क्रय केंद्रों पर आढ़तियों से जबरन गेहूं खरीद को लेकर व्यापारियों व किसानों ने रोजा मंडी में जमकर प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना मिलते ही डिप्टी आरएमओ मौके पर पहुंच गए और व्यापारियों पर दबाव बनाने का प्रयास करने लगे। इस पर व्यापारी भड़क गए। व्यापारियों के विरोध के चलते डिप्टी आरएमओ उलटे पांव सचिव दफ्तर पहुंच गए। इसके बाद व्यापारी और किसान भी मंडी सचिव कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंच गए और व्यापारियों से वार्ता की, लेकिन वार्ता विफल होने पर सभी व्यापारी डीएम से मिलने उनके आवास पर पहुंच गए। डीएम से मुलाकात न हो पाने से नाराज आढ़ती शाम को हड़ताल पर चले गए।

मंगलवार को रोजा मंडी में गेहूं की आवक बढ़ गई। जनपद के अलावा सीमावर्ती जनपदों के किसान अपना गेहूं लेकर रोजा मंडी में आढ़तियों के यहां पहुंच रहे हैं लेकिन खुले बाजार में गेहूं के दामों में बढ़ोत्तरी न होने से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि क्रय केंद्र प्रभारियों की ओर से उनका गेहूं जबरन तौला जा रहा है। जिन किसानों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है उनका गेहूं खुले आसमान में पड़ा हुआ है।

वहीं व्यापारियों का कहना है कि अगर वे किसानों से गेहूं खरीद भी लेते हैं तो क्रय केंद्र प्रभारी मनमाने ढंग से गेहूं की खरीद कर लेते हैं। इससे उनका व्यापार पूरी तरह ठप हो गया। इन्हीं सब मांगों लेकर किसानों व व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। व्यापारी और किसान एक मंच पर आ गए और मंडी प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। विरोध प्रदर्शन की खबर मिलते ही डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे व मंडी सचिव प्रवीण कुमार अवस्थी मौके पर पहुंच गए और व्यापारियों पर दबाव बनाने लगे। इससे व्यापारी और आक्रोशित हो गए। व्यापारियों का विरोध को देखते हुए डिप्टी आरएमओ को उल्टे पांव लौटना पड़ा। इसके बाद व्यापारी व किसान मंडी सचिव कार्यालय पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे।

हंगामे की सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट मंडी सभापति प्रवेंद्र कुमार भी मंडी पहुंच गए और व्यापारियों से बंद कमरे में वार्ता की, लेकिन वार्ता विफल होने के बाद आढ़ती व्यापार मंडल के पदाधिकारी डीएम उमेश प्रताप सिंह से वार्ता करने उनके आवास पहुंच गए, लेकिन डीएम से वार्ता नहीं हो पाई। इससे आहत आढ़ती व्यापार मंडल ने हड़ताल शुरू कर दी। व्यापारियों का कहना है कि जब तक प्रशासन कोई ठोस निर्णय नहीं लेता है, तब तक गेहूं खरीद नहीं की जाएगी।


रोजा मंडी में खरीद बंद कर हड़ताल पर बैठे आढ़ती व किसान। ● अमृत विचार


विरोध के दौरान मंडी में मौजूद बड़ी संख्या में आढ़ती। ● अमृत विचार

### किसानों को ठगने का हो रहा काम

रोजा मंडी में लखीमपुर खीरी के उचौलिया से अपना गेहूं लेकर आये किसान गुरमीत सिंह ने कहा कि रोजा मंडी में अपना गेहूं आढ़ती के यहां उतार दिया, लेकिन उनके गेहूं के उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं में नमी बता कर खरीद नहीं की जा रही है।

जनपद हरदोई के पचदेवरा निवासी रमन मिश्रा ने बताया कि वह अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर नहीं बेंचना चाहते हैं, लेकिन मंडी प्रशासन उन पर गेहूं बेचने का दबाव बना रहा है।

### जबरन आढ़तियों के यहां से गेहूं की न करें खरीद

आढ़ती व्यापार मंडल रोजा मंडी के अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने कहा कि उनकी मांग है कि मंडी प्रशासन अपने कर्मचारियों को गेट पर खड़ा कर दे और किसानों को क्रय केंद्रों की पर्ची काट कर दे दें, लेकिन जो किसान स्वेच्छा से आढ़तियों को गेहूं बेचने आ रहे हैं उसके साथ जोर जबरदस्ती न की जाए। साथ ही आढ़ती के यहां खरीदे गए गेहूं की जबरन तौल भी बंद की जाए।


डीएम उमेश प्रताप सिंह से मिलने उनके आवास पर पहुंचे आढ़ती। ● अमृत विचार

### आढ़तों पर ताकाझांकी कर रहे हैं प्रभारी

आढ़तियों ने कहा कि उनकी दुकान पर आने वाले किसानों से जबरदस्ती सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीदा जा रहा है। इसके लिए आढ़तियों पर दबाव बनाया जा रहा है। अधिकारी और सेंटर ठेकेदार आढ़तों पर ताकाझांकी कर रहे हैं। आढ़ती गेहूं खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन उन्हें स्वतंत्रता नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। गेहूं के दाम गिर गए हैं, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। बता दें कि धान खरीद के दौरान सरकारी केंद्रों पर लाइन लगाकर किसान धान बेचने पहुंचते थे, लेकिन केंद्र के ठेकेदार नमी व खराब गुणवत्ता बताकर किसानों को लौटा देते थे। अब गेहूं खरीद के दौरान स्थिति उल्टी है। किसान सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचना नहीं चाहता है और सरकारी मशीनरी आढ़तियों पर दबाव बनाकर गेहूं खरीदना चाहती है।

# सरकार की बदनामी पर तुले अधिकारी, जिला बंदी गलत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **कलेक्ट्रेट में आढ़तियों ने जताया विरोध**
- **खरीद के लिए स्वतंत्र छोड़ने की उठाई मांग**

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान आढ़तियों ने बताया कि कुछ अधिकारी सरकार की बदनामी करने पर तुले हैं। आसपास के जिलों में जिला बंदी नहीं है। आसानी से गेहूं जिले से बाहर भेजा जा रहा है। सिर्फ अपने जिले में गेहूं जिले से बाहर ले जाने पर रोक लगा दी गई है। इससे किसान और आढ़ती दोनों परेशान हैं।

चुनाव के समय में गेहूं को जिले से बाहर जाने से रोका गया है। जिसके चलते गेहूं सस्ता हो गया है। ऐसे में किसानों में नाराजगी है। प्रशासन अगर यह सोचता है कि वह जबरदस्ती किसानों का गेहूं सरकारी सेंटरों पर तौल लेगा तो यह सोच गलत है, ऐसा नहीं हो पाएगा। इसका खामियाजा आगे चलकर भुगतना पड़ेगा। किसानों के आढ़तियों से घनिष्ठ संबंध हैं। साल भर का आना-जाना रहता है। ऐसे में वह अपना गेहूं आढ़त पर बेचना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन रुकावट बन के खड़ा है।

प्रदर्शन के दौरान आढ़तियों ने कहा कि गेहूं जिले से बाहर नहीं जा पा रहा है और किसानों को कम दाम पर बेचना पड़ रहा है जबकि पड़ोसी जिले हरदोई में गेहूं खूब जिले से बाहर जा रहा है। गेट पास भी कट रहा है। सिर्फ शाहजहांपुर में ही जिला बंदी करना न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। आढ़तियों के ऊपर दबाव बनाया जा रहा है कि वह किसानों का गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर तुलवाएं, अब अगर किसान सरकार को नहीं बेचना चाहता तो आढ़ती क्या करें?

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशीला देवी
प्रधान

संजीव कुमार शुक्ला
प्रधान पुत्र
ग्राम पंचायत पटई वि.खं. सिधौली, शाहजहांपुर

रमज़ान मुबारक
तीसवां रोज़ा इफ्तार
10 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:38 बजे
शिया - 06:39 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
जाकिया बेगम (प्रधान)
पत्नी
फुरकान अली
ग्राम पंचायत कटिया बुजुर्ग विकास खंड सिंधौली जनपद शाहजहांपुर

आफताब
प्रधान पुत्र

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# देर रात खुटार थाने पहुंचे एसपी, हड़कंप

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** नवरात्र, ईद और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सर्तकता के दिए गए निर्देशों का कितना पालन हो रहा है, कितना नहीं, यह जानने के लिए एसपी अशोक कुमार मीणा मुख्यालय से 50 किलोमीटर खुटार थाने में रात 11 बजे पहुंच गए। अचानक एसपी को देख पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। एसपी ने कार्यालय का जायजा लिया और अभिलेखों को चेक किया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसपी जिस वक्त खुटार थाने पहुंचे, उस वक्त थानाध्यक्ष संजय कुमार हमराहियों के साथ गश्त पर निकलने वाले थे, अचानक एसपी को आया देख वह रुक गए। एसपी ने सबसे पहले ड्यूटी रजिस्टर चेक किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चेक की। तत्पश्चात, उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही अभिलेखों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में रात की ड्यूटी पर तैनात मुंशी अनुज कुमार, कंप्यूटर आपरेटर व अन्य पुलिस कर्मियों से सवाल-जवाब किए। फिर उन्होंने थानाध्यक्ष कार्यालय में थाना स्टाफ के साथ बैठक की।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि ड्यूटी पर सतर्कता बनाए रखें। इसके साथ ही नगर और क्षेत्र में आने जाने वाले संदिग्ध वाहनों की लगातार चेकिंग कर इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को समय से भेजी जाए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए संदिग्ध वाहनों की चेकिंग में सख्ती बरती जाए और किसी भी हालत में लापरवाही न हो। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान थानाध्यक्ष संजय कुमार, दरोगा प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, नागेंद्र तिवारी आदि पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।


मुंशी से पूछताछ करते एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार

- **चेक किया ड्यूटी रजिस्टर जानी अभिलेखों की हकीकत**
- **अधीनस्थों के साथ बैठक कर दिए दिशा-निर्देश**

# कार्य में लापरवाही बरतने पर दो दारोगा लाइन हाजिर

**खुटार, अमृत विचारः** सरकारी कार्य व आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में लापरवाही बरतने तथा वाहनों से अवैध वसूली के आरोप में एसपी अशोक कुमार मीणा ने दो उप निरीक्षकों को लाइन हाजिर कर दिया।

खुटार थाने में तैनात दरोगा नागेंद्र तिवारी और दरोगा नरेंद्र तोमर पर अवैध वसूली किए जाने का आरोप की शिकायत सीओ पुवायां पंकज कुमार पंत तथा एसओ संजय कुमार से की गई थी। सीओ ने एसओ के छुट्टी से वापस आने के बाद दोनों दरोगा की रिपोर्ट मांगी थी। सीओ ने अपनी रिपोर्ट बनाकर एसपी को भेज दी थी।

जांच में दोनों दरोगा दोषी पाए गए थे। एसपी अशोक कुमार मीणा ने सरकारी कार्य व लोकसभा चुनाव की तैयारी तथा अवैध वसूली के आरोप में दरोगा नागेंद्र तिवारी तथा नरेंद्र तोमर को लाइन हाजिर कर दिया है।

# कंबाइन लेकर कमाई करने जालौन गया था मलकीत, गांव लौटा शव

संवाददाता, खुटार

- **जालौन में गेहूं कटाई के दौरान कंबाइन पर गिरी थी हाईटेंशन लाइन की चिंगारी**

**अमृत विचारः** जालौन में एक अप्रैल को कंबाइन से गेहूं की कटाई के दौरान हाईटेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से कंबाइन में आग लग गई थी। जिसमें खुटार का फोरमैन झुलस गया था। उसने सोमवार को दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव यहां लाकर मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया।

खुटार की ग्राम पंचायत रौतापुर कलां के मजरा ढाका खुर्द कलां में रहने वाला मलकीत सिंह (45) कंबाइन चलाने का काम करता है। कुछ दिन पहले कंबाइन लेकर जनपद जालौन के कस्बा कैलिया के गांव कुदेया में गेहूं की कटाई करने गया था। एक अप्रैल को खेत में गेहूं की फसल काटने के वक्त ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट हो गया और बिजली की चिंगारी कंबाइन की डीजल टंकी में पहुंच गई जिसमें आग लग गई और आग की चपेट में आने से मलकीत सिंह बुरी तरह से झुलस गए थे। जबकि कंबाइन जलकर राख हो गई थी। घटना के समय मौजूद लोगों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। खबर लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे थे। मलकीत सिंह की हालत में सुधार नहीं होने पर दिल्ली एम्स में भर्ती कराया था। करीब आठ दिन बाद सोमवार को इलाज के दौरान मलकीत सिंह की मौत हो गई। सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। इसके बाद परिजन अस्पताल से शव को घर लेकर आए। मंगलवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। मलकीत सिंह की पत्नी देवेंद्र कौर, पुत्र हरमन सिंह(12), पुत्री गुरनाम कौर का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक मलकीत सिंह।

### हादसे में घायल युवक की बरेली में मौत

**शाहजहांपुर।** ककरा रोड पर चार्जिंग स्टेशन के सामने हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान बरेली में मौत हो गई। जबकि घटना वाले दिन साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई थी। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला हद्दफ निवासी शराफत हुसैन (65) एक निर्माणाधीन स्कूल में चौकीदारी करते थे। तीन अप्रैल की शाम सात बजे वह चौकीदारी करने के लिए बरेली मोड़ पर स्थित स्कूल में साइकिल से जा रहे थे। डैम की तरफ से तीव्र गति से आ रही बाइक ने साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी थी। बाइक सवार विशाल(21) व निखिल(23) दूर जाकर गिरे थे और गंभीर रूप से घायल हो गए थे। चौक कोतवाली पुलिस ने तीनों को जिला अस्पताल लेकर आई थी। डॉक्टर ने शराफत को मृत घोषित कर दिया था। दोनों घायल निखिल व विशाल को बरेली रेफर किया था। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मंगलवार की सुबह निखिल की मौत हो गई।

### घर में घुसकर युवक को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला बाला तिराही निवासी ज्ञानवती ने बताया कि 25 मार्च को दिन में 11 वह बच्चों के साथ घर पर थी। मोहल्ला जियाखेल के गौरव वर्मा अपने साथियों के साथ उसके मकान में घुस आए।

आरोपियों ने उसके पुत्र विपिन को पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि गौरव वर्मा, विजय वर्मा, राजवीर वर्मा, कपिल वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिंल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय :
सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

# लौहंगापुर जंगल में पेड़ कटान मामले में आरा मशीनों पर छापेमारी

## पांच अप्रैल को लौहंगापुर के सिंहपुर पश्चिमी बीट में तस्करों ने काटे सागौन और कोरों के पेड़, नेपाल सीमा तक फैला है जंगल

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** लौहंगापुर जंगल में पेड़ कटान मामले में एसडीओ ने लकड़ी बरामदगी को लेकर आरा मशीनों पर छापेमारी की। हालांकि यहां लकड़ी बरामद नहीं हो पाई। पेड़ों के कटान मामले में शेरपुर और बीसलपुर के ठेकेदारों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।

खुटार में जंगल का क्षेत्रफल काफी बड़ा है। यहां जंगल नेपाल सीमा तक फैला हुआ है। जंगल में कोरों, सागौन और अन्य कीमती पेड़ है। इस पर तस्करों की निगाहें रहती है। पांच अप्रैल को लौहंगापुर के सिंहपुर पश्चिमी बीट जंगल में आठ से ज्यादा बेशकीमती कोरों व सागौन के हरे भरे पेड़ काट दिए गए। तस्कर रात को ही लकड़ी की मोटी-मोटी बोटे काटकर वाहन से लेकर चले गए। सूचना पर रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की थी। कटान की जगह से कुछ लकड़ी को बरामद कर लिया गया। छह अप्रैल को वन रक्षक संतोष गौड़ की तरफ से अज्ञात लोगों पर केस काटा गया।

जंगल में आठ से अधिक पेड़ कटान की सूचना पाकर एसडीओ डॉ. सुशील कुमार ने सोमवार को वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की। जहां मामला सही पाया गया। इसके बाद उन्होंने वनकर्मियों के साथ खुटार में स्थित दो आरा मशीनों पर पहुंच कर छापेमारी की। जहां आरा मशीन स्वामी से पूछताछ करने के बाद रजिस्टर चेक किया। साथ ही कोरो, सागौन की लकड़ी तलाशी लेकिन लकड़ी बरामद नहीं हो पाई। इसके बाद एसडीओ लौट गए। उधर, रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि तस्करों ने जंगल में पेड़ काट दिए थे लेकिन लकड़ी ले जाने में सफल नहीं हो पाए। लकड़ी को बरामद कर लिया है। पेड़ किसने काटे हैं। उनकी तलाश की जा रही है। जंगल में आठ से अधिक हरे पेड़ काटने में जनपद पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर के गांव शेरपुर और बीसलपुर में रहने वाले ठेकेदारों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।


खुटार में आरा मशीन पर जांच करने पहुंचे एसडीओ डॉ. सुशील कुमार। ● अमृत विचार


रेंजर ने बरामद किए लौहगांपुर जंगल से काटे गए पेड़ की बोटे।


लौहंगापुर में काटा गया कोरों का पेड़।

● शेरपुर और बीसलपुर के ठेकेदारों की भूमिका संदिग्ध
एसडीओ ने की घटना की जांच

### पहले कार्रवाई में तेजी फिर ठंडे बस्ते में चला जाता है मामला

जंगल में आए दिन पेड़ कटान का सिलसिला चलता रहता है लेकिन कटान करने वाले पकड़े नहीं जाते है और न ही लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई होती है। अगर अधिकारियों तक मामला संज्ञान में पहुंचता है तो जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर दो दिनों के बाद मामला फिर से ठंडे बस्ते में चला जाता है। पांच दिन पहले हुए कटान में भी लापरवाही बरती जा रही है। वन विभाग ने केस काट दिया है। लेकिन तस्कर कहा के है और लकड़ी कहा गई है। इसकी जानकारी अधिकारियों को नही है।

### छोटे पौधे काटकर बनाया गया रास्ता, लगाई आग

लौहगांपुर के सिंहपुर पश्चिमी जंगल में कोरों और सागौन के पेड़ काटने के बाद तस्करों ने वाहन में लकड़ी को लादा। इसके बाद रास्ता बनाने के लिए छोटे-छोटे पौधे काट दिए गए। जिससे आसानी से वाहन को ले जाया सके। माना जा रहा है कि लकड़ी कटान का किसी को शक न हो। इसके चलते आग लगा दी गई। यह सब करने बाद तस्कर आसानी से लकड़ी को ले जाने में कामयाब रहे। हालांकि रेंजर का दावा है कि लकड़ी बरामद कर ली गई है।

"लौहंगापुर जंगल में लकड़ी कटान के मामले में मौके पर पहुंचकर जांच की गई है। जहां पेड़ों का कटान पाया गया है। मामले में जांच चल रही है। जांच पूरी कर रिपोर्ट उच्चा अधिकारियों को भेजी जाएगी। - **डॉ. सुशील कुमार**, एसडीओ, वन विभाग

"लगातार लकड़ी माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। जिसको लेकर मुझे बदनाम करने के लिए ये सब किया जा रहा है। जिसमे वनकर्मी कुछ वनकर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध है। हालांकि मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस काटा गया है। लकड़ी भी बरामद कर ली गई है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। - **मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर खुटार

# बस स्टैंड के सामने बना दिया ऊंचा नाला, नहीं जा रहीं बसें

संवाददाता, अल्हागंज

● अल्हागंज चेयरमैन ने डीएम को लिखा पत्र, समस्या निस्तारण की मांग

**अमृत विचार:** नगर पंचायत चेयरमैन शिवानी वर्मा ने कस्बे के रोडवेज बस स्टेशन के सामने बनाए गए रोड डिवाइडर के दोनों तरफ गति अवरोधक तथा बसों लिए रैंप बनवाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

उन्होंने डीएम को भेजे गए पत्र में कहा है कि नेशनल हाईवे कॉरिडोर योजना के तहत सड़क कस्बे के रोडवेज बस स्टेशन के सामने से निकली है। उसके बीच में डिवाइडर भी बनाया गया है लेकिन उसके दोनों किनारों पर गति अवरोधक चिह्न नहीं बनाए गए हैं, इसी प्रकार स्टेशन के सामने नाले को ऊंचा बनाया गया है, जिसके चलते रोडवेज की बसें स्टेशन के अंदर नहीं जा पाती। जिससे सड़क पर जाम लग जाता है। जिसकी वजह से रोडवेज बस स्टेशन के 100 मीटर के दायरे में सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पहले पुलिस थाने के सामने हरदोई मार्ग को वाहनों के आने जाने के लिए सड़क में क्रॉस बनाया गया था। बाद में सड़क की दरारों को बंद करने के दौरान बनाए गए क्रॉस को भी खत्म कर दिया गया। जिससे आवागमन की समस्याएं बनी हुई हैं।


चेयरमैन शिवानी वर्मा।

# नव संवत्सर पर शंखनाद से गूंज उठा हनुमतधाम, खूब उड़ा गुलाल


भारतीय नववर्ष पर हनुमतधाम पर गुलाल उड़ाकर खुशियां मनातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● बच्चों की मनमोहक राम दरबार की झांकी ने बढ़ाया उल्लास
● शंखनाद प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत
● वीआईपी ग्रुप के बैनर तले हुए कार्यक्रम में लोगों ने आनंद लिया

**अमृत विचार:** भारतीय नव संवत्सर पर वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के बैनर तले भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हनुमतधाम पर मंगलवार देर शाम शंखनाद प्रतियोगिता कराई गई।

इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। भारतीय नववर्ष का उत्सव मनाने के लिए हनुमतधाम पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। शंखनाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

भारतीय नववर्ष मनाने के लिए हनुमतधाम पर हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं ने खन्नौत नदी के बीच बने भव्य मंदिर में पूजा अर्चना की। इस बीच टापू पर निर्मित कृत्रिम गुफा के ऊपर बनी 104 फिट की विशाल हनुमान जी मूर्ति के समक्ष शंखनाद प्रतियोगिता हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने प्रतिभाग किया। सबसे देर तक शंखनाद करने वालों को विजेता घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विजय पाठक, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता आदि ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर पुरस्कृत किया। विजेताओं में हर्षवर्धन अग्निहोत्री, अमन पांडेय, अनिल मिश्रा, दिवाकर मिश्रा और पुनीत मिश्रा शामिल रहे। इस अवसर पर डोरेमोंस स्कूल की ओर से राम दरबार की आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गई। बच्चों की मनमोहक झांकी के साथ लोगों ने खूब ग्रुपिंग भी कराई। वातावरण जय श्रीराम और वीर हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा। इस मौके पर डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र और संयोजक अभिनय गुप्ता ने शंखनाद के लाभ बताते हुए कहा कि सनातन धर्म में शंखनाद का बहुत महत्व है, इसका अनुसरण परिवारों को करना चाहिए। शंखनाद तमाम बीमारियों से मुक्ति भी दिलाता है। साथ ही इसका धार्मिक महत्व भी है। अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। व्यवस्था में महामंत्री डॉ. हेमेंद्र वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी दीपक शर्मा, सतीश सक्सेना, अंकित खंडेलवाल, रिद्धि बहल, ज्योति गुप्ता, डॉ. दीपा दीक्षित आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि बहल, सचिन बाथम, पूनम मेहरोत्रा, नेहा गुप्ता, आशीष गुप्ता, हरिशरण बाजपेई, कौशलेंद्र मिश्र, पुनीत त्रिवेदी, काजल यादव, जगजीत सिंह माटा, गुरमीत लांबा, पूनम टंडन, रजनी सेठ, दीपमाला रस्तोगी समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद रहे।

### हनुमतधाम पर खूब उड़ाए फायर बैलून

हनुमतधाम पर मनाए गए नव संवत्सर पर लोगों ने आग से उड़ने वाले गुब्बारे (फायर बैलून) भी खूब उड़ाए। गुब्बारे उड़ाने को युवाओं में खासा उत्साह दिखा। इन्हें स्काई लालटेन भी कहा जाता है। इसमे युवतियां और बच्चे भी पीछे नहीं रहे। खन्नौत नदी किनारे खड़े होकर लोग गुब्बारे उड़ाकर तालियां बजाकर खुशियां मनाते रहे। वहीं, हनुमान जी आरती में भी सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। कुल मिलाकर भारतीय नववर्ष को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया।


हनुमतधाम पर शंखनाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते डॉ. विजय पाठक, आयोजक अभिनय गुप्ता और नीतू गुप्ता। ● अमृत विचार


राम दरबार की झांकी में सजे बच्चों को पुरस्कृत करते आयोजन समिति के सदस्य।


हनुमतधाम पर नव संवत्सर उत्सव में फायर बैलून उड़ाते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# मूंगफली उजाड़ने की मिल रही धमकी एसडीएम से शिकायत

**जलालाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव दुमकापुर निवासी सुरजीत ने एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने दो लोगों से 12 बीघा जमीन 72 हजार रुपये में एक साल के लिए ठेके पर ली थी। जिसमें उसने मूंगफली की फसल बोई है। अब खेत मालिक ने अपने खेत की मिट्टी गंगा एक्सप्रेस का निर्माण करने वाले ठेकेदार को बेच दी है और वह उनकी मूंगफली की फसल को उजाड़ना चाहते हैं। जब उसने मूंगफली की बुवाई का खर्च और ठेके के तौर पर दिए गए रुपये वापस करने को कहा, तो उसने मना कर दिया और फसल को उजाड़ने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने कहा कि मूंगफली की फसल तैयार होने के बाद ही मिट्टी खुदवाई जाए, नहीं तो उसकी मूंगफली की फसल नष्ट हो जाएगी, जिससे उसे करीब दो लाख रुपये का नुकसान हो जाएगा। वहीं एसडीएम ने इस संबंध में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया हैं।


पीड़ित सुरजीत।

# पोस्टल बैलेट से वोट देने का तरीका समझाया


राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवादा रुद्रपुर में पोस्टर के माध्यम से वोट देने का संदेश देते छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार


फेस पेंटिंग दिखाते बच्चे व शिक्षिका। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● शिक्षण संस्थाओं में जारी है मतदाता जागरुकता अभियान

**अमृत विचार:** जनपद में चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को महाविद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों और परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं को पोस्टल बैलेट का महत्व समझाया गया।

साथ ही बच्चों से कहा गया कि वह अपने घर में रहने वाले पोस्टल बैलेट के पात्र लोगों को वोट डालने के लिए संदेश दें। शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को समझाया कि पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल सैनिक, चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारी, देश के बाहर कार्यरत सरकारी अधिकारी, प्रिवेंटिव डिटेंशन में रहने वाले लोग, 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता करते हैं। जिनका रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है। साथ ही दिव्यांग व्यक्ति भी पोस्टल बैलेट का उपयोग कर सकते हैं। डीआईओएस हरिवंश कुमार के निर्देश पर छात्र-छात्राओं से कहा गया कि पोस्टल बैलट के अधिकृत व्यक्तियों को मतदान करने के लिए जरूर जागरूक करें, क्योंकि मतदान करना सभी का अधिकार है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पोस्टर बनाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

### पोस्टर, स्लोगन व फेस पेंटिंग से किया जागरूक

**पुवायां।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवां के विद्यार्थियों व शिक्षिकाओं ने पोस्टर, स्लोगन व फेस पेंटिंग की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राज्य सरकार से पुरस्कृत शिक्षिका पल्लवी वर्मा व विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर बनाए, स्लोगन लिखे व रोचकता लाने के लिए फेस पेंटिंग कर मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया।

### आरएसएस स्वयंसेवकों ने मनाया नव संवत्सर

**तिलहर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नव संवत्सर मनाया। इस दौरान सह जिला संघ चालक प्रताप नारायण ने बताया सरसंचालक डॉ. केशव बलिराम का जन्म दिवस भी इसी दिन मनाते हैं। इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और इसी दिन भगवान राम का राज्याभिषेक भी हुआ था। इस दिन प्रकृति के नए अवतरण का दिवस भी मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि चैत्र मास की प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है। इस बार हिंदू नववर्ष 9 अप्रैल 2024 से शुरू हो रहा है, जो विक्रम संवत 2081 के नाम से भी जाना जाता है। ज्योतिषियों के अनुसार, हिंदू नववर्ष बेहद महत्वपूर्ण होता है चैत्र अमावस्या से 9 दिन तक भक्त आदि शक्ति मां दुर्गा के विविध स्वरूपों की आराधना करते हैं। कार्यक्रम में प्रचारक विपिन मिश्रा, नगर कार्यवाह कुलदीप गुप्ता, सुभाष वाल्मीकि, शिव स्वरूप गुप्ता, रघुवीर सहाय योगेश वर्मा, छत्रपाल गंगवार, योगेश राजावत, आलोक अग्रवाल, सुशील बाबू गुप्ता, राजेश दुबे, जितेंद्र चौहान, प्रभाष तिवारी आदि मौजूद रहे।





# आग का तांडव, आधा दर्जन छप्परदार घर जले

## फट सकता था जलता हुआ सिलेंडर, दमकल की दो गाड़ियों ने बमुश्किल पाया आग पर काबू

संवाददाता, पुवायां

- गैस चूल्हे पर खाना बनाते समय अचानक लगी आग, घरेलू सामान भी जलकर हो गया राख



आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकलकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गांव रायपुर में रसोई गैस पर खाना बनाने के दौरान अचानक आग लग गई। जिसकी चपेट में करीब आधा दर्जन छप्परदार घर आ गए। दमकल युनिट की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर बमुश्किल आग पर काबू पाया। इस आगजनी में शिवकुमार और मनोज के घर का काफी सामान जल गया।

ग्राम पंचायत रायपुर निवासी शिवकुमार के घर में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे खाना बन रहा था, तभी अचानक आग लग गई। पास में रखे सिलेंडर ने भी आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग आधा दर्जन छप्परदार घरों में तेजी से फैल गई। जिससे गांव में अफरा तफरी मच गई।आग को बुझाने के लिए बाल्टियों से पानी भर-भरकर डाला जाने लगा लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका, तब ग्रामीणों ने फायर स्टेशन पर फोन कर सूचना दी। अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां रायपुर गांव पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। फायर स्टेशन अधिकारी आकाश सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना पाकर जब वह रायपुर गांव पहुंचे, तब उन्होंने शिव कुमार के घर से जलता हुआ सिलेंडर निकाला जो जलकर राउंड शेप में हो गया था और कभी भी फट सकता था।

जिससे जनधन की अधिक हानि हो सकती थी, उस सिलेंडर को खुले स्थान पर डलवाया। इसके बाद अग्निशमन विभाग की दो दमकल गाड़ियों के जरिये अन्य घरों में फैलती जा रही आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। फायर स्टेशन अफसर आकाश सिंह ने बताया कि शिवकुमार एवं मनोज के घर काफी जल गए हैं। करीब दो बजे आग पर काबू पा लिया गया।

### राजस्व टीम ने आगजनी में हुए नुकसान का लिया जायजा

जानकारी मिलने पर राजस्व टीम के साथ लेखपाल धीरज कुमार गांव पहुंचे, जहां उन्होंने आगजनी से हुए नुकसान का जायजा लिया और अग्नि पीड़ित परिवार वालों से जानकारी ली। उन्होंने पीड़ितों को आश्वस्त किया कि वह अधिकारियों को रिपोर्ट भेज रहे हैं। अधिकारियों के निर्देशानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

> ग्राम पंचायत रायपुर में आगजनी की सूचना मिलने पर लेखपाल धीरज कुमार को टीम के साथ मौके पर भेजा था। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नुकसान का आंकलन कर आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी।
> **मनोज कुमार सिंह**, तहसीलदार

### इन लोगों का हुआ नुकसान

आगजनी में शिवकुमार का छप्पर समेत सारा घरेलू सामान रजाई, बिस्तर, चारपाई, खाद्यान्न आदि सब कुछ जल गया। पड़ोसी मनोज कुमार, हेमराज, नरेंद्र, लखन के छप्परदार घर में भी पहुंची आग से सारा घरेलू सामान जल गया। आग इतनी तेज थी की परिवार के लोग सामान निकाल ही नहीं पाए।

### महिला झुलसी हालत गंभीर

हेमराज के घर में उनकी पुत्रवधू पूजा पत्नी छत्रपाल (25) अचानक आग लगने के कारण कमरे में फंस गई। जिससे वह झुलस गई। आग में उसका शरीर, बाल, कपड़े जल गए। इस घटना के बाद से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मच्छरों ने शहरवासियों का किया जीना दुश्वार

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** गर्मी की शुरुआत होते ही मच्छरों ने आम जनमानस पर कहर बरपाना शुरू कर दिया है। मच्छरों ने रात की नींद हराम कर दी है। मच्छरों के ऊपर दवा, अगरबत्ती बेअसर साबित हो रही है। मच्छरों से महिलाएं, पुरुष तथा बच्चे काफी परेशान है। इसके बावजूद नगर निगम ने शहर में फॉगिंग कराना शुरू नहीं किया है।

गर्मी शुरु होते ही शहर में मच्छरों भरमार आ गई है। चाहे घर, सरकारी कार्यालय, प्राइवेट कार्यालय तथा दुकान हो, दिन में भी मच्छरों ने बैठना मुश्किल कर दिया है। इन मच्छरों को भगाने के लिए बाजार में विभिन्न प्रकार का स्प्रे, अगरबत्ती तथा मोर्टीन बिक रही है। लेकिन सब बेकार साबित हो रही है। पंखा चलने के बाद भी मच्छर भिनभिनाते रहते हैं। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के कारण लोगों का सोना, उठना- बैठना मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक छोटे बच्चे परेशान है। मोहल्लों में नालियां ऊपर तक बजबजा रही है। नालियों में दवा का छिड़काव नहीं किया गया है। मोहल्ला आवास विकास कालोनी, निसरजई, लालातेली बजरिया, एमनजई जलालनगर, बिजलीपुरा, रोशनगंज आदि मोहल्लों में मच्छरों ने रात की नींद हराम कर रखी है। शहर के वाशिंदों ने मांग की है कि फॉगिंग कराई जाए।

## वृद्धावस्था पेंशन घोटाले में एक और आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अब तक पूर्व समाज कल्याण अधिकारी समेत नौ लोगों का हो चुका है चालान



सदर पुलिस की हिरासत में आरोपी राजीव।

**अमृत विचारः** वृद्धावस्था पेंशनरों के बैंक खाते से रुपये गबन करने के मामले में सदर बाजार पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने 28 जुलाई 23 को राजेश कुमार समेत नौ लोगों के खिलाफ वृद्धावस्था पेंशन गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार समेत नौ लोगों को गिरफ्तार करके चालान किया जा चुका है। विवेचना में राजीव निवासी कमलनैपुर थाना कांट का नाम भी प्रकाश में आया था, जो फरार चल रहा था। अपराध शाखा के निरीक्षक वीरेंद्र सिंह को मंगलवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि आरोपी राजीव अंटा चौराहे पर खड़ा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उसके पास से इंडिया पोस्ट पेमेंट की छह पास बुक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में सिपाही विपिन तोमर व प्रदीप कुमार थे।

## अपहरण के आरोप में दो गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** मिर्जापुर क्षेत्र में कुलदीप नामक किशोर का एक साल पहले अपहरण को गया था। पुलिस ने अपहरण के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि जुलाई माह 23 में थाथरमई गांव के 16 वर्षीय कुलदीप नामक किशोर का अपहरण हो गया था।

अपहृत के परिवार वालों ने शक के आधार पर गांव के उदयवीर व प्रतिपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अपहृत कुलदीप की तलाश कर रही थी। पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी उदयवीर व प्रतिपाल को मंगलवार की सुबह नौ बजे तिकोला पुल के पास से गिरफ्तार करके चालान कर दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि अपहृत कुलदीप अभी मिला नहीं है। उसकी तलाश की जा रही है।

## ठेकेदार के घर से छह लाख के जेवर और 40 हजार की नगदी चोरी

संवाददाता, रौसर कोठी

- पुलिस ने किया मौका मुआयना, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य



परिजनों से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय काइयां में ठेकेदार के घर से चोरों ने करीब छह लाख के जेवर समेत 40 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने ठेकेदार और उनके परिवार से जानकारी ली। इसके बाद फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। अभी मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला सराय काइयां निवासी आशुतोष वर्मा जल निगम में ठेकेदारी करते हैं। घर में उनके साथ बीमा एजेंट का कार्य करने वाले भाई अग्निवेश वर्मा का परिवार भी रहता है। सोमवार की रात दोनों परिवार अपने-अपने कमरों में सोए हुए थे। मंगलवार सुबह अग्निवेश सोकर उठे तो देखा कि मुख्य दरवाजा और जीने का दरवाजा खुला हुआ है। इसके बाद वे बगल के कमरे में गए तो देखा कि दोनों अलमारियां खुली पड़ी थीं और सारा सामान बिखरा पड़ा था। एक अलमारी में आशुतोष और दूसरी अलमारी में अग्निवेश का सामान रखा हुआ था। आशुतोष के मुताबिक चोर दोनों अलमारियों से सोने की दो अंगूठी, नथ, मंगलसूत्र, दो नाक के फूल, कमर पेटी, बिछिया, सोने की चैन लगभग 40 हजार रुपये चुरा ले गए। सूचना पर आरसी मिशन थाने के इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना के संबंध में जानकारी ली। फोरेंसिक टीम ने भी कमरा, छत और जीने पर जाकर जांच की। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

## गोशाला में पशुओं के मरने के मामले में चार अधिकारी, तीन कर्मचारियों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीडीओ ने केयर टेकर व चौकीदार की सेवा समाप्त की
- बीडीओ और वेटनरी चिकित्सक से मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचारः** खुटार क्षेत्र की गोशाला में पशुओं के मरने के मामले में चार अधिकारी और तीन कर्मचारियों पर कार्रवाई हो गई है। निरीक्षण कर लौटी सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने गोशाला के दो केयर टेकर और एक चौकीदार की सेवा समाप्त कर दी है। खंड विकास अधिकारी और वेटनरी चिकित्सक से जवाब मांगा है। साथ ही ग्राम सचिव और पशुधन प्रसार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला विकास अधिकारी को लिखा गया है।

खुटार के महोलिया वीरान में अस्थाई गोशाला और नंदीशाला में बीते दिनों 11 पशुओं की मौत हो गई थी। इसके बाद सीवीओ मनोज कुमार अग्रवाल और सीडीओ ने गोशाला पहुंचकर निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने गोशाला में भारी गंदगी और पशुओं की मौत को लेकर कड़ी नाराजगी जताई थी।इस दौरान अधिकारियों को पता चला था कि अस्थाई गोशाला और नंदीशाला में नौ सौ से अधिक पशु हैं और 15 से ज्यादा ग्वाले देखरेख कर रहे हैं। 31 मार्च से दो अप्रैल तक यहां 11 पशुओं की मौत हो चुकी है। अमृत विचार ने इस खबर को लगाकर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने भी गोशाला का निरीक्षण कर अधिकारियों से कार्रवाई के लिए कहा था। सीडीओ ने निरीक्षण के बाद कार्रवाई के संकेत दिए थे। इसके बाद सोमवार और मंगलवार को मामले में कार्रवाई के आदेश जारी हुए। गोशाला के केयर टेकर अरुण व रविंद्र और चौकीदार सुदर्शन की सेवा समाप्त कर दी गई। खुटार के बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा और वेटनरी चिकित्सक डॉ. राजेंद्र से स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके साथ ही ग्राम सचिव महेश कांत और पशुधन प्रसार अधिकारी अमित सिंह के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीडीओ को लिखा गया है।

## कच्ची शराब बनाते दो लोग गिरफ्तार चालान किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** परौर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला को मंगलवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि बानगांव तथा कुंडरिया गांव के जंगल में कच्ची शराब बनाई जा रही है। टीम ने दोनों स्थानों पर दबिश देकर कच्ची शराब बनाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त दिनेश निवासी कुंडरिया थाना परौर तथा रामवीर निवासी बानगांव थाना मिर्जापुर है।

पुलिस ने दोनों स्थानों से दस लीटर कच्ची शराब, 100 लीटर लहन तथा शराब बनाने का उपकरण बरामद किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक लाल सिंह, रमेश कुमार, दीपू सिंह आदि थे।

## प्रसव के नौ दिन बाद हो गई विवाहिता की मौत, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

संवाददाता, पुवायां

- मृतका के पिता ने दी तहरीर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा
- जांच के बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन

**अमृत विचारः** प्रसव के नौ दिन बाद हालत बिगड़ने पर विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुरालियों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है। आरोप लगाया कि बेटी को अतिरिक्त दहेज के लिए ससुरालीजन प्रताड़ित करते थे। उसे शक है कि उसकी बेटी को ससुरालियों ने मार डाला है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

थाना खुटार के गांव चतुरपुर निवासी रामकुमार ने पुवायां थाना प्रभारी निरीक्षक को दिए गए पत्र में कहा है कि उसने पुत्री सीमा देवी की शादी 29 मई 2023 को थाना पुवायां के गांव बनगवां निवासी सत्यपाल पुत्र रामसरन के साथ की थी। ससुराल वाले दिए गए दहेज से सन्तुष्ट नही हुए और अतिरिक्त दहेज में एक सोने की लर व सोने की अंगूठी व रुपये की मांग कर उसकी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। कई बार उसे मारा पीटा।ससुरालियों ने धमकी दी थी कि दहेज की मांग पूरी नहीं की तो उसे जान से मार देंगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके पुत्र को दामाद पंजाब लेकर गया। जहां उसके पुत्र की हत्या कर दी थी। उसने दामाद के खिलाफ कोई कार्रवाई इसलिए नहीं की क्योंकि उसे डर था कि कहीं ससुराल वाले उसकी पुत्री की हत्या न कर दें। उसकी पुत्री बीमार हुई तब ससुराल वालों ने इलाज नहीं करवाया। बहुत हालत खराब होने पर बंडा अस्पताल लेकर गए जिसकी सूचना उसे नहीं दी। उसकी पुत्री का एक अप्रैल 2024 को बड़ा ऑपरेशन हुआ, जिससे एक बच्ची का जन्म हुआ था। जब वह अस्पताल गया तो पुत्री व बच्ची दोनों ठीक थे। इसके बाद उसे मंगलवार को पता चला कि पुत्री सीमा को मार दिया है। उधर, थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक शक्तावत सिंह ने बताया कि मृतका सीमा देवी के पिता रामकुमार के शिकायती पत्र के आधार पर का शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

## ट्रेन की चपेट में आकर ग्रामीण का पैर कटा

**तिलहर, अमृत विचारः** रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर एक ग्रामीण का पैर कट गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मंगलवार सुबह तड़के कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव गुलचंपा निवासी बहोरन पुत्र वीरपाल खेत पर गेहूं काटने जा रहा था।

जब वह अपने गांव के सामने से रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। तभी अचानक बरेली की तरफ से आ रही किसी ट्रेन की चपेट में आकर उसका बाएं पैर का पंजा पूरी तरह कट गया और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। गेटमैन ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## रुपये हड़पने व हत्या का केस दर्ज

संवाददाता, शाहजहांपुर/अल्हागंज

- पुलिस ने नहीं सुनी तो पीड़ित ने ली कोर्ट की शरण
- दो महिलाओं सहित बनाए गए पांच आरोपी

**अमृत विचारः** मोहल्ला दखिनौआ निवासी दो महिलाओं समेत पांच लोगों पर जमीन बिक्री के रुपये हड़पने और हत्या करने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मृतक के भाई की ओर से केस दर्ज किया है। जिसकी जांच पुलिस ने शुरू कर दी है।

मृतक के भाई राजेश पुत्र गनपत निवासी निवो नगला ने बताया कि उनके छोटे भाई बिंद्रेश ने बीते वर्ष 8 जून को 8 लाख 40 हजार रुपये में अपनी जमीन मीरा देवी पत्नी सर्वेश सिंह और कल्पना देवी पत्नी अजीत सिंह निवासी मोहल्ला दखिनौआ को बेची थी। इसका पैसा उनके भाई को नहीं दिया गया।

आरोप है कि बीते वर्ष 25 नवंबर को भाई बिंद्रेश ने मीरादेवी और उनके पति सर्वेश सिंह, कल्पना देवी और उनके पति अजीत सिंह, विनोद सिंह से उनके घर जाकर तकादा किया तो उन्होंने बहाना बनाते हुए रुपये नहीं दिए। साथ ही गाली गलौज करके जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद उनका भाई घर नहीं पहुंचा।

पता लगाने पर भी उसका सुराग नहीं लगा। इसके बाद 30 नवंबर को पुलिस ने भाई बिंद्रेश के बीमार होने की जानकारी दी। राजेश के मुताबिक जब थाने में वह गए तो उनका भाई मृत अवस्था में मिला। उनको जानकारी दी गई की उसके भाई का शव आरोपियों के मकान की कुछ दूरी पर मिला था। पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम करा कर शव उनके हवाले कर दिया। बाद में उन्होंने अपने भाई का अंतिम संस्कार कर दिया। राजेश बताते हैं कि उन्होंने फोन पर विनोद आदि से इसकी जानकारी चाहिए तो उन्हें बताया गया कि जमीन का बैनामा उधार में हुआ था। 50 हजार रुपये कामकाज आदि के लिए उनको दे देंगे। शेष रुपया धीरे-धीरे दे देंगे।

घटना की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस को दी, लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी गई। 2 फरवरी 2024 को इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर से की गई। इसके बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आखिर में उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दोनों महिलाओं समेत पांच लोगों के विरुद्ध 302, 406, 504, 506 में रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

> घटना की रिपोर्ट दो महिलाओं समेत पांच के विरुद्ध 8 अप्रैल की शाम दर्ज कर ली गई है। मामला पुराना है। गहराई से जांच की जाएगी।
> **-ओमप्रकाश, थाना प्रभारी**

## भाई ने लगाया आरोप, ससुरालियों ने बहन को मारकर लटका दिया

**शाहजहांपुर।** पहाड़पुर गांव में शिखा की मौत के मामले में भाई ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसकी बहन को मार डाला और शव को फंदे से लटका दिया है। अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव मंझा पश्चिमी निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उसने अपनी बहन शिखा( 22 ) की शादी दो साल पहले नितिन कुमार निवासी पहाड़पुर थाना मिर्जापुर के साथ की थी। अनिल ने बताया कि सोमवार को दोपहर बाद दो बजे उसकी बहन ने फोन किया था कि ससुराल वाले बाइक तथा फ्रिज की मांग को लेकर परेशान करते है। नितिन ने शाम पांच बजे फोन किया कि शिखा ने फांसी लगाकर जान दे दी है। वह अपनी बहन की ससुराल पहुंचा और थाने पर सूचना दी। थाना प्रभारी अशोक कुमार पहुंचे और जानकारी की। अनिल ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे। उसको मारकर दुपट्टे से कुंडे से लटका दिया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

